Sir, the second point I would like to make is that there is a reference to the massive mandate of the people that the Government has secured in the elections. There is no doubt whatever that the people have shown that they want stability in the Central Government and they have given their overwhelming confidence for the Government led by Mrs. Gandhi. Now, this massive mandate has also been a vindication of our democratic procedures and processes but the election has shown certain defects. The Election Commission should not become a super lord in the democratic set-up. According to the Constitution there is a provision for the Election Commission being expanded. We should also have Regional Commissions who will have intimate knowledge of the voting and polling conditions in the various States. The other day a question was asked about the ballot papers in Chandigarh. I believe that the elections have been free and fair all over the country though there might have been irregularities in some polling stations. But in the case of Punjab, in Chandigarh a large number of voting papers were left with the printing press. That should never be done. The procedure which is adopted by university authorities when they print question papers is that all the copies of the question papers including the wastage are taken away by the university. Nothing is left behind. Why should the Election Commission allow a wastage of 5 per cent in the printing of ballot papers and leave it with the Stationery and Printing Department in Chandigarh?

The other point is this. These elections have shown that it is very difficult for us to conduct elections in this country because the limit on expenditure has been fixed as Rs. 35,000 for a Lok Sabha constituency. Sir, you yourself, as one who has campaigned in the Vidarbha area, know how costly it has become to conduct an election in this country. According to estimates these elections have cost us anywhere between 15 and 20 crores of rupees. That does not matter in terms of money if so much money is spent for an experiment in democracy.

Sir, we should also take into consideration the fact that the parties in opposition are in a disadvantage compared to the party in power; I mean, the party in power always enjoys certain advantages. I would like to suggest for the earnest consideration of the Government that we might consider adopting the West German parallel where parties which get a certain percentage of the national vote are given free assistance by the State itself to conduct election campaigns. This has been done even in Pakistan. There are smalll parties, there are parties which have registered a certain percentage of votes in the Lok Sabha mid-term poll and, if they qualify within a certain percentage they should be given free assistance.

Another point is, in this election the newspapers of India—I am very sorry to say—were against the party in power and the party in power has shown that newspaper propaganda does not count. And it did not count even in a country like Great Britain when the Labour Party won the election in spite of Fleet Street and the big business barons who own the newspapers in England. But, Sir, one criticism I have heard, and I say this as one who has been an independent journalist in this country, that the Government had the advantage of the All India Radio in their hands. The All India Radio's broadcasts and news bulletins have been generally fair. But sometimes one could pick upon one bulletin and say something like this. It is for this reason that the time has come now that the elections have become a part of our national life we have to go through many other elections in the future and the democratic set-up has come to stay. in India—that we must give the opposition parties adequate time both on the TV and the All India Radio to reach the villages.

This was not done in a marked manner in the last elections. To that extent the scales were slightly tilted in favour of the ruling party. Very few read the papers but millions listen to the radio and it is for this reason that the Cheif Election Commissioner, who is a very valuable and loquations person, who goes on issuing statements about proportional representation being not suited to India, should call a conference of the concerned parties who have secured a certain percentage of votes and evolve a procedure by which in the future election the AIR and the TV madia wherever it is set up will be available for propaganda of putting forward the point of veiw of the various parties.

I have table I an amendment that there should be a ceiling on urban property but before the ceiling is fixed, we should try to ascertain what hould be the ceiling State-wise. A man owning a house in Delhi with three bedrooms may have a property worth Rs. 4 lakhs but a man having a house with three rooms in a place like Chindwara will have property worth Rs. 50,000 only. You go to Jor Bagh and you will find houses worth Rs. .5 lakhs. I would like to say that we should have a State-wise survey of what should be an adequate ceiling on urban property.

Lastly, Mr. Banka Behary Das wanted a constitutional Reforms Commission to be appointed. I am in favour of it. I do not think the question of the Constitution should be open because we have not come to that stage of a consensus being arrived at on the basis of the Constitution but certanly a Reforms Commission should be appointed to consider the question of the amendment of the Constitution regarding one Fundamental Right, namely, the right to property. There should be the right to personal property. What should be the limitation to be put on the right to property we shell consider but I do not want other Fundamental Rights to be reopened because they would be sacrosanct. Mr. Hidayatullah said it is the weakest of the Fundamental Rights, it is for that reason that we should have a rethinking on this question of the right to property.

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : मिस्टर डिपुटी चेयरमैन, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर श्रीमती पूरवी मुखर्जी ने जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा है, मैं उसका अनुमोदन करता हूं । अनुमोदन करते हुए मुझे राष्ट्रपति जी से भी शिकायत है, और अपनी सरकार से भी शिकायत है, कि जब इस चुनाव में इतना भारी जनता का समर्थन मिला और वह समर्थन इसलिए मिला कि उन्होंने कहा कि समाजवाद की स्थापना होगी, गरीबी मिटाई जाएगी, लेकिन राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में उसका जिक्र तक नहीं किया । अनइम्प्लाएमेन्ट दूर होगा, देहातों में बिजली जाएगी, गरीबी दूर होगी गोल-गोल शब्दों में जो हमारी सरकार बोलती आई थी, फिर गोल-गोल शब्दों में बोलना शुरु कर दिया, जीतने के बाद । जब हम कहते आए हैं, और हमारा यह मैंडेन्ट

[श्री शीलभद्र याजी]

रहा है कि हम समाजवाद की स्थापना करेंगे, तो राष्ट्रपति जी जिन्होंने बहुत दिनों तक मजदूरों में काम किया है, कम से कम उनको उसका निजी तजुर्बा है और श्रीमती इन्दिरा गांधी समाजवाद के बारे में इतने भाषण देती थीं, उनके लिए यह उचित ही था कि अपने अभिभाषण में इसका जिक्र करते, इस साल नहीं तो अगले वर्ष में हम अपना कांस्टीट्यूशन अमेन्ड करके, उसमें परिवर्तन करके, भारतवर्ष को एक सोशलिस्ट रिपब्लिक बनाएंगे, यह घोषणा होनी चाहिए। गरीबी दूर होगी बेकारी को दूर करके, बेकारी के भत्ते से नहीं। आखिर बेकारी का भत्ता कहां से मिलेगा ? 50 करोड़ की हमारी आबादी इस मर्दमशुमारी में 56 करोड़ होने वाली है, जहां कि बारह, तेरह करोड़ लोग अभी बेकार है, इन्जीनियर लोग बेकार घूमते हैं। 50 करोड़ रुपया बेकारी दूर करने के लिए रखा गया है। सरकार के पास पैसा नहीं है, न योजनाओं को चलाने के लिए पैसा है, न बेकारी दूर करने के लिए पैसा है और न ही कल कारखानों को चलाने के लिए पैसा है। इसलिए मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि यदि वह इस देश में समाजवाद की स्थापना करना चाहती है। तो सब से पहले उसको जितनी भी देश में कल कारखाने है, बागान है, जो बैंक छूट गये हैं, विदेशी बैंक है, विदेशी कंसर्न है, उन सब का समाजीकरण कर दिया जाना चाहिये और उनको एक पैसा भी मुआवजा नहीं दिया जाना चाहिये।

कम्पनसेशन देने की जो बात कांस्टीट्यूशन में आई है, वह एक गलत चीज है। हमारे श्री मणि साहब इस चीज की दुहाई दे रहे थे, जो अपने को जर्नलिस्ट कहते हैं। वे कहते हैं कि मौलिक अधिकारों में परिवर्तन नहीं होना चाहिये। वे अपने को समाजवादी भी कहते हैं और कभी अपने को उग्रवादी भी कहते हैं। उनका इस तरह का जो दृष्टिकोण है, वह एक रिएक्शनरी की तरह है। (*Interruptions*) हमने मणि से एक सवाल पूछा था कि मौलिक राइट, फन्डामेंन्टल राइट, जिसके मातहत पहले राजा महाराजाओं को लूटने की इजाजत थी, क्या उसको रखा जाय। इसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। (*Interruptions*) यह जो हमारा कांस्टीट्यूशन है, वह चू चू का मुरब्बा है, वह न कुरान शरीफ है और न ही मनुस्मृति ही है। यह जो अपने को पत्रकार कहते है, अपने को बुद्धिमान समझते है, वे राजा महाराजाओं तथा कैपिटलिस्ट लोगों की छिपे रूप में समर्थन करते हैं और कहते है कि फन्डामेन्टल राइट्स में कोई चेन्ज नहीं होना चाहिये।

श्री ए० डी० मणि : मैंने कहा था कि फन्डामेन्टल राइट टु प्रापर्टी को चेन्ज नहीं करना चाहिये। दूसरे फन्डामेन्टल राइट्स को मै पाक मानता हूं। I do not want Fundamental Rights to be changed.

श्री शीलभद्र याजी : उपसभापति महोदय, मैंने कई बार और प्रधान मंत्री जी ने भी कई बार कहा है कि फन्डामेन्टल राइट्स में जो संशोधन होगा, जो तरमीम होगी वह केवल फन्डामेन्टल राइट्स टु प्रापर्टी जो है उसको हम लिमिटेड प्रापर्टी करने जा रहे हैं; क्योंकि राजा महाराजाओं के पास जो 50 हजार एकड़ जमीन है, कुत्तों के नाम से 400 एकड़ जमीन है उसको हम लिमिटेड कर देना चाहते है।

श्री ए० डी० मणि : मै मानता हूं।

श्री शीलभद्र याजी : इसलिए मैं अपनी सरकार से बार-बार शिकायत करता हूं इस सदन में और बाहर भी क्योंकि हमारी सरकार की यह आदत पड़ गई है, एक पुरानी आदत जिसमें सब गन्दे लोग मिल गये थे।

एक माननीय सदस्य : अब तो वही पुराने लोग फिर से आ रहे है।

श्री शीलभद्र याजी : हमारे साथ जो पुराने लोग थे, गन्दे लोग थे, उन्हें निकाल दिया गया है और उन्ही की वजह से इस काम में रुकावट पड़ रही थी। हमारी सरकार तो कछुए की गति से चलती है, टोरटाइज की गति से चलती है। हम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कोई मौलिक परिवर्तन की बात नही पाते हैं। सरकार को इस बात को समझना चाहिये कि उसे किस तरह की मार्शल विक्ट्री हुई है, समाजवाद की जीत हुई है, इसलिए मै सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि यदि वह सचमुच में इस देश में समाजवाद की स्थापना करना चाहती है, गरीबी को दूर करना चाहती है तो उसको जल्दी निश्चय करना चाहिए और भारत को सावरेन सोशलिष्ट पब्लिक डिक्लेयर कर देना चाहिये तथा नेशनलाइजेशन में जल्द से जल्द तरमीम होना चाहिये। जितने भी प्राइवेट सेक्टर में चीजें है, चाहे कल कारखाने हों। बागान हों, जितनी भी इन्डस्ट्रीज हों, बैंक्स हों, जो छूट गये है, इन सबका जल्द से जल्द राष्ट्रीयकरण होना चाहिये। इस तरह से हमारे पास इतना पैसा हो जायेगा, जिसमे हमें न अमेरिका से, न कैनेडा से और न रूस से ही पैसे मांगने की जरूरत पड़ेगी। 75 परिवारों के पास जितना हिन्दुस्तान का ज्यादा पैसा है वह ले लेना चाहिये। लेकिन मैं इस बात को बार-बार कहता हूं, मगर यह सरकार सुनती नहीं है।

मैं फिर दोहराता हूं कि एक पैसा उनको मुआवजा न दे। वैसा करें जैसा लेनिन ने किया कि सारे के सारे जितने पूजीपति हैं, उन्हें कल-कारखानों में लगा कर दस हजार रुपया, जो गवर्नर्स को मिलता है, महीने दिया, टाटा, बिड़ला को दस-दस हजार दिया जाय, उनको तजुर्बा है, आई० सी० एस०, आई० ए० एस० जिन्हें इंडस्ट्री चलाने का ज्ञान नहीं उनको इंडस्ट्री में लगाते हैं, तभी घाटे पर घाटा आता है और जन-संघियो और स्वतंत्र पार्टी के लोगों को मौका मिलता है यह कहने का कि घाटे पर घाटा आ रहा है। इसलिए मुआवजा एक पैसा नहीं देना चाहिए। अगर हम राष्ट्रीय-करण करते हैं तो हमारे पास इतनी पूजी हो जायगी कि नए करखाने खोले जा सकेंगे, बेकारी कम की जा सकेगी। 50 करोड़ रुपए क्या हैं, हम हजारों करोड़ रुपए जो अनएम्प्लायड लोग हैं उनको मासिक दें जब तक नौकरी उनको नहीं देते।

अभी राष्ट्रपति जी ने कई बातें कहीं, परन्तु मनीपुर, मेघालय, त्रिपुरा को राज्य का दर्जा दिया जायेगा, बिल आएगा नही कहा। यह क्यों ? 1972 में इलेक्शन है, सरकार से हमारी गुजारिश है कि सिर्फ मनीपुर, मेघालय और त्रिपुरा के लिए ही नहीं बल्कि सरकार को कुछ और ठोस कदम इस सम्बन्ध मे उठाना चाहिए। मिजो में सशस्त्र आन्दोलन चल रहा है। पाकिस्तानी लोग उन्हें ट्रेन्ड करते हैं, वे भी स्टेट मांगते हैं। छोटी-छोटी स्टेट नहीं बन सकती है, चाहे इसे मनीपुर में मिलाइए या कछार को त्रिपुरा में या त्रिपुरा को आसाम में मिलाइए, बाउंडिगुअल स्टेट कीजिए, लेकिन यह छोटी-छोटी स्टेट दो लाख, तीन लाख की आबादी

[श्री शीलभद्र याजी]

की सम्भव नही है । डिपुटी चेयरमैन साहब ने एक बार फरमाया था और सही फरमाया था कि इतने लाख की आबादी पर स्टेट नहीं बन सकती है । लेकिन जब भाषा के आधार पर हमने प्रान्तों का निर्माण किया है और मनीपुर, त्रिपुरा को भाषा के आधार पर जब स्टेट घोषित कर दिया तो जल्द से जल्द विधेयक अगले बजट सेशन में अवश्य आना चाहिए ताकि लोगों को जो वे चाहते हैं मिले । उसके साथ-साथ जनता की आवाज को मानना चाहिए, हम चार बार बोल चुके है, गोआ, दमन और दीव के लोगों ने अपनी असेम्बली में प्रस्ताव पास किया है कि उनको स्टेटहुड दिया जाये, उनको भी देना चाहिए ।

इसी के साथ-साथ जो कदम हम उठाएं वह तेजी से उठे, जो रफ्तार अभी है, उससे समाजवाद की स्थापना नहीं हो सकती । इसलिए हम सरकार से शिकायत करते है और राष्ट्रपति जी को भी कहते हैं, राष्ट्रपति हैड आफ दि स्टेट हैं, उनको बहुत अधिकार हैं, वे अपने प्रधान मंत्री को कहें कि अगर उनकी सरकार तेज नही चलती है तो उसे अपनी रफ्तार को तीव्र करना चाहिए । अगर रफ्तार मे तीव्रता नही आती तो हमारे लिए खतरा है । जो निर्देश आपको जनता से मिला है, इतना भारी निर्देश मिला है---जितने लीडर लोग ग्रान्ड एलाएन्स, विशाल गठबन्धन में थे, चरण सिंह कैबिनेट बनाते थे, सब धराशायी हो गए---उसके बाद भी हमारी बुद्धि नहीं सीधी हो रही है, यह बड़े आश्चर्य की बात है ।

हमारी सरकार ने यह एक शाबाशी का काम किया, सब पार्टियों ने मिल-कर एक प्रस्ताव पास किया । बंगला देश में आन्दोलन है । पाकिस्तान की शिकायत है कि इन्टरफियर करते हैं, इन्टर्नल एफेयर्स में । मैं कहना चाहता हूँ पाकि-स्तान को भी और सारी दुनिया के लोगों को भी कि यह इन्टरफियरेंस नही है । जब जनता के नुमाइन्दे चुन कर आते हैं अक्सरियत उनकी होती है, उनको गद्दी पर नहीं बिठा कर हिटलर मुसोलिनी वाला डंडा चलता है तो पार्लियामेंट में हम जरूर आवाज उठाएंगे चाहे वह कहीं भी हो । यह तो हमारे बगल की बात है, थोड़े दिन हुए हमें अलग हुए । इलेक्शन हुआ, उसके बाद मुजीबुर रहमान को प्रधान मंत्री बनना था, भुट्टो कहता है हम प्रधान मंत्री बनेंगे । एक देश में दो प्रधान मंत्री कैसे हो सकते हैं । वहां डेमोक्रेसी की हत्या हो रही है । सरकार ने जो कदम उठाया गोल गोल उससे बात गोल ही रह जायेगी, साढ़े 7 करोड़ में से 7 लाख लोग मारे जा चुके हैं । फिर भी पाकिस्तान रेडियो रोज बोलता है, भारत सरकार खूब मदद करती है और हम केवल मौखिक दान दे रहे है । मौखिक दान से काम नहीं चलेगा । यू० एन० में इस सवाल को उठाना चाहिए और हमें उसको फौरन रिकगनिशन देनी चाहिए । चूंकि जनता ने उसको चुना है, पाकिस्तान की जनता ने उसको चुना है, वह सही सरकार है और इसलिये उस सरकार को मान्यता प्रदान कर जो भी उनको इमदाद, आल आउट सपोर्ट जिसको हम कहते हैं, वह मिलनी चाहिये । इसी में हमारा भी कल्याण है और उनका भी कल्याण है और दुनिया में शांति भी रह सकती है । जब हम आजादी की लड़ाई लड़ते थे तो हम अपने आप तो लड़ते ही थे, लेकिन दुनिया की आज़ादी के लिये, जम्हूरियत के लिये हम बराबर अपनी आवाज बुलन्द करते थे । अब जब मौका आ गया है, हम पावर में भी हैं, शक्ति में भी हैं

तो हमें अब भी अपनी आवाज बुलन्द करने में पीछे नही रहना चाहिये। आज वहां हमारे भाई कत्ल हो रहे है, हमारी बहनें मारी जा रही हैं और हिटलर और मसोलिनी ने जो जुलम नही किया वह आज जनरल याहया खान कर रहा है। तो इसमें सिर्फ मौखिक सहानुभूति जाहिर करने से काम होने वाला नहीं है। उसको रिकगनाइज करके हर तरफ की आल आउट सपोर्ट उसको देनी चाहिये। यही हमारी सरकार से गुजारिश है। जय हिन्द।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) in the Chair]

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उप-सभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण में आम चुनावों के सम्बन्ध में बड़ी चर्चा की गई है। राष्ट्रपति महोदय ने यहां तक कहा है कि मेरी सरकार को बहुसत मिला है। मुझे इस शब्द पर आपत्ति है कि राष्ट्रपति जी की सरकार को बहुमत मिला है। यानी राष्ट्रपति जी की सरकार ने चुनाव लड़ा है। चुनाव विभिन्न विभिन्न पार्टियों ने लड़ा है लेकिन मुझे इस शब्द से ऐसा लगता है कि जो बात वास्तव में थी वह राष्ट्रपति जी के मुह से प्रकट हो गई।

श्री शीलभद्र याजी : संविधान के अनुसार ऐसा ही होता है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप बैठिये।

श्री शीलभद्र याजी : यही कायदा है। आप सीखने की कोशिश कीजिये। आप नये आदमी है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मुझे लगता है कि जिस प्रकार से चुनाव हुए हैं और उन चुनावों में जिस प्रकार से सत्ता का और साधनों का दुरुपयोग हुआ है वह आज एक चर्चा का विषय है, जांच का विषय है। मतपत्रों के सम्बन्ध में सरकार ने भी कहा है कि हम जांच करवा रहे हैं। यह एक अलग विषय है। लेकिन जो मुख्य तथ्य है वह मैं आपके सामने कहना चाहता हूं। आज आप यह कहें कि दो तिहाई बहुमत हमें मिला है, लेकिन जहां तक मतों का सवाल है कितने पर सेंट आपको वोट मिले और कितनी सीटें आप को मिलीं। जन संघ को एक करोड़ से ज्यादा वोट मिले हैं और कांग्रेस को लगभग 6 करोड़ वोट मिले हैं। अगर इसकी तुलना की जाये तो आपको हम से छह गुनी ही सीटें मिलनी चाहियें। लेकिन सीटें आप को बहुत ज्यादा मिली हैं। इसका कारण यह है कि जो हमारे चुनाव की व्यवस्था है, जो हमारे चुनाव की पद्धति है वह दोषपूर्ण है। इस लिये हम को उसे बदलना चाहिये। आज जनता का क्या मत है, जनता किस प्रकार की सरकार चाहती है, केवल एक सीट के आधार पर जो चुनाव की पद्धति है उसके सम्बन्ध में केवल यही कहूंगा कि यह चुनाव सही माने में जनता का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। इस लिये हम को चुनाव की पद्धति में परिवर्तन करना पडेगा। आज हुआ यह है कि कांग्रेस को 40 पर सेंट या 45 पर सेंट वोट मिले हैं और सीटें उसको दो तिहाई मिल गई हैं। यह कहना कि हम को बडा समर्थन मिला है, सारी जनता हमारे साथ है, ये चुनाव के जो आंकड़े है, चुनाव में जो वोट पड़े हैं, उनके विश्लेषण से स्पष्ट लगता है कि वोट के आधार पर पार्टियों को सीटें नहीं मिलती हैं अपने देश के अन्दर। इस लिए इसके अन्दर परिवर्तन करने की आवश्यकता है। इसके बारे में सरकार को विचार करना चाहिये कि किस प्रकार की पद्धति अपनाई जाये जिस से जिस प्रकार के जनता के मत हों उसके आधार पर सरकार अपने देश के अन्दर बने।

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि जो 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया जा रहा है, वह सही बात है और उस नारे पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती है। लेकिन गरीबी हटाओ के सम्बन्ध में वित्त मंत्री महोदय ने जो बजट प्रस्तुत किया है क्या वह बजट इस आकांक्षा की पूर्ति करता है। 50 करोड़ रु० का कैश प्रोग्राम आपने बनाया है। पिछली बार भी इसी मद के अन्दर 25 करोड़ रु० आपने रखे थे। लेकिन पिछली बार 25 करोड़ रु० रखने के बाद केवल 6 करोड़ रु० आप खर्च कर पाये। बाकी रुपये लेप्स हो गये थे। यानी गरीबी हटाओ, लोगों को रोजगार दो, इस प्रकार के महत्वपूर्ण विषय में भी किया गया प्रावधान अगर लैप्स हो जाता है, तो इस बारे में हम इस सरकार से क्या अपेक्षा करें। 50 करोड़ की राशि के बारे में बड़ी चर्चा की गई है। हिन्दुस्तान की आबादी जैसा कि हमारे पूर्व वक्त कह रहे थे कि इस जनगणना के बाद 56 करोड़ हो जायगी और 56 करोड़ लोगों में इन्कम टैक्स देने वाले कितने लोग होंगे ! बहुत कम है। बाकी बचे लोगों के अन्दर एक-एक रुपया भी बांटें तो यह 50 करोड़ हिस्से में नहीं आता है। हिन्दुस्तान के जो लोग बेकार हैं, जिन की संख्या 4 या 5 करोड़ के लगभग बताई जाती है, उन पांच करोड़ लोगों के अन्दर अगर इस राशि का वितरण किया जाये तो उनको रोजगार मोहैया नहीं हो सकता।

इस लिए जो योजना हमने बनायी है, जो इस साल का बजट बनाया है, वह वोट आन एकाउन्ट है, लेकिन जो सारी स्थिति है उससे सरकार की योजना तो हमारे सामने आ जाती है और उसके आधार पर अगर हम कहें कि हम लोगों को रोजगार दे सकेंगे, गरीबी मिटा सकेंगे तो वे होने वाले नहीं है और इस लिए सरकार की जो पंचवर्षीय योजनायें हैं उनमें सरकार को बदल करनी चाहिए और सरकार को इस दिशा में विचार करना चाहिए। जो वायदे आपने चुनाब में किये थे चुनाब में जो घोषणायें की थी उनको आप को पूरा करना है। आज देश में जिस प्रकार की परिस्थिति है उसको देखते हुए आपको सामाजिक और आर्थिक प्रश्नों को हल करना है। देश में जिस प्रकार अराजकता बढ़ रही है, उन अराजकतावादी तत्वों को रोकने के लिए जब प्रश्न उठाया जाता है तो सरकार की तरफ से जवाब आता है कि यह सोशियो इकोनामिक सवाल है, लेकिन आज उसको हल करने की दृष्टि से आप को अवसर मिला है। आप दावा करते हैं कि चुनाबों में आपको बहुमत मिला है, जनता का समर्थन आपको मिला है, उसकी एक हवा है और उस हवा में झूमते हुए आप दिखाई देते हैं, लेकिन उसका क्या इलाज आपने ढूंढा है। आप जो बजट लाये हैं उसके अंदर आपने इस रोग का कोई निदान रखा है ? मुझे ऐसा नहीं लगता कि आप इस रोग का निदान ढूंढ सके हैं या इसके इलाज के लिए आपने कोई योजना बनायी है कि जिससे देश में बेकारी समाप्त हो सके। विशेष रूप से राजाओं के प्रीवी पर्स के बारे में हमारे कई सदस्य बोले हैं। उनका कहना है कि इन पर्सेज को समाप्त होना चाहिए। एक यह ऐसा विषय है कि जिस पर इस सदन में विचार होगा और उस पर मतदान होगा, लेकिन एक सवाल है यह कि आज देश में आर्थिक असमानता है। गरीब और अमीर के बीच एक बड़ी खाई है और उसको पाटने की दृष्टि से क्या केवल राजाओं के प्रीवी पर्सों को समाप्त करने से, उनका यह चार करोड़ रुपया लेने से जो आज देश में असमानता

दिखायी देती है वह समाप्त हो जायेगी। बेरोजगारी की आज एक समस्या है, उसकी भावना लोगों में है। अपने मंत्री-मंडल के जो सदस्य बैठे हैं सत्तारूढ़ दल के अंदर जो लोग हैं, वह आज अवसर यह इशारा करते हैं कि विरोधी दल में तो राजा लोग बैठे हैं, उन में पूंजीपति लोग बैठे हैं, लेकिन सत्तारूढ़ दल के लोग जरा अपने गिरहबान में मुंह डाल कर देखें कि उनके पास किस तरह के लोग हैं। किस तरह के पूंजीवादी, जमींदार, राजा और जागीरदार उनके पास हैं···

श्री शीलभद्र याजी : है, लेकिन उन्होंने समाजवाद को मान लिया है। वह राजाओं के साथ नहीं हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जिस समाजवाद की बात पं० जवाहरलाल नेहरू किया करते थे वह समाजवाद आज लागू नहीं हो सकता। आप की पार्टी में भी आप जैसे लोग घुसे बैठे हैं जो उस के मार्ग में रोड़ा बनेंगे। तो यह एक मूल सवाल है बेकारी का, और आर्थिक असमानता को समाप्त करने का जो प्रश्न है वह केवल राजाओं के प्रीवी पर्सेज को समाप्त करने से हल नहीं होगा। आप को इस प्रकार के कदम उठाने होंगे कि कितनी आय को लेवी हम निर्धारित करें और उन में एक और बीस या एक और तीस या एक और दस से ज्यादा अंतर नहीं रहना चाहिए। इस अंतर को आप तय करिये। आज 23 साल हो गये, केवल गाली देने से काम नहीं चलेगा। आज निर्णय करने का अधिकार आप के पास है। आप संविधान को बदल सकते हैं। आप को 2/3 बहुमत मिल गया है और इसलिए आप को संविधान को बदलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। आप उसके लिए कानून लाइये। लोगों के बीच सामाजिक और आर्थिक असमानता को मिटाने के लिए कानून लाइये। उस में हम आप का समर्थन करेंगे। केवल नारे के आधार पर, प्रीवी पर्सेज को समाप्त करने के नारे के आधार पर यह मसला हल होने वाला नहीं है। इस के लिए संविधान को बदलने की क्या आवश्यकता थी। आवश्यकता यह थी कि आज लोगों को रोजगार दिया जाये। राइट टु वर्क का सिद्धांत आप संविधान में स्वीकार करिये। हम उस में आप का साथ देंगे। लेकिन आप ऐसा विधेयक सदन में रखिये तो। उपसभापति महोदय, आज इस प्रकार का कोई विधेयक लाने की सामर्थ्य इस सरकार में नहीं है। वह जानते हैं कि अगर इस प्रकार का विधेयक हम तो लायेंगे तो सरकार के ऊपर उस के साथ कुछ जिम्मेदारी भी आयेगी। उस जिम्मेदारी से बचने की दृष्टि से आप ऐसा विधेयक लाना नहीं चाहते। इसलिए मैंने निवेदन किया कि आज जो समस्यायें देश के सामने हैं उन में एक बेरोजगारी की समस्या है, आर्थिक असमानता की समस्या है। अगर इन के संबंध में आप ने गंभीरता से विचार नहीं किया तो इस बार जो हवा आप को मिली है, और जिस को आप ने भी माना है कि वह हवा थी और उसी में बह कर आप जीते हैं, वह हवा दूसरी तरफ भी बह सकती है। देश की जनता कांग्रेस के ही साथ नहीं है। 50 परसेंट से कम ही वोटों के आधार पर आज जीत गये हैं···

श्री शीलभद्र याजी : खट्टा नोन कौन खाता है?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): He has a right to expres his opinion. It may be wrong.

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE : What is the opinion? This is a wrong opinion.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप तो कुछ समझते नही है। बुद्धि की बात आप की समझ में आती ही नही है। मैंने तर्क दे कर कहा कि 1 करोड़ 12 लाख वोट हम को मिले और कांग्रेस को 6 करोड़ वोट मिले। हम को 22 सीटें मिलीं और हमारे दोस्तों को पौने चार सौ सीटें मिली। यह क्या है ? उपसभाध्यक्ष महोदय, वह बताता है कि किस अनुपात में जनता आप के साथ है।

श्री शीलभद्र याजी : एक वोट से भी अक्सरियत हो तो उसको अक्सरियत समझा जायेगा। यह समझिये।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): Mr. Mathur, your time is up.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपने घंटी नहीं बजाई, आप घंटी बजायेंगे तो मैं बैठ जाऊंगा। बीच में याजी जी की आदत है कि बार-बार फुदक पड़ते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री अकबर अली खान) : मैंने घंटी बजाई थी।

श्री शीलभद्र याजी : मैं उनको पार्लिया-मेंटरी प्रैक्टिस समझाता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Mr. Mathur, you can take a minute or two more.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : इसलिये, उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के सम्बन्ध में यह कहना चाहूंगा मुख्य रूप से कि हमारे चुनावों की पद्धति है उस चुनाव पद्धति को बदला जाये, हमारी पंचवर्षीय योजनायें जो हैं उन पंचवर्षीय योजनाओं के अन्दर इस प्रकार का परिवर्तन किया जाये और हमारे संविधान में इस प्रकार का परिवर्तन किया जाय जिससे कि हर बेकार आदमी को रोजगार मिले और जो आर्थिक असमानता है वह आर्थिक असमानता दूर हो। चूंकि आप कहते हैं कि मेरा समय समाप्त हो गया है इसलिये मैं यहीं समाप्त करता हूं।

श्री श्याम लाल यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में चुनावों के नतीजों का जिक्र कई मर्तबा किया है और हम यह उम्मीद करते थे कि उन नतीजों को लाने के लिये जो वायदा सत्तारूढ़ दल ने किया था उसे कार्यान्वित करने के लिये राष्ट्रपति महोदय उन नीतियों का निर्देशन करेंगे, उसकी रूप-रेखा प्रस्तुत करेंगे जिससे हम यह समझ सकते कि यह देश की गरीबी मिटाने के लिये अथवा समाजवाद लाने के लिये इस दिशा में सरकार को ले जाना चाहते हैं परन्तु, मान्यवर, बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उन कार्यक्रमों का कोई निर्देशन उसमें नहीं है। मैं याजी जी की राय से सहमत हूं कि समाजवाद को दिशा देने का जैसा वायदा कांग्रेस की सरकार अब तक इस देश में करती रही उसी प्रकार का एक और वायदा देश के सम्मुख केवल मृग मरीचिका के रूप में प्रस्तुत है और वह इस अभिभाषण में भी रखा गया है।

आखिरकार, मान्यवर, इस देश में पहले से ही कांग्रेस की सरकार रही है, केन्द्र में बराबर रही है, और उसी के प्रधान मंत्री भी रहे हैं, उसी की नीतियों के अनुरूप प्लानिंग कमिशन, योजना आयोग, चलता रहा और देश की अधिकांश सरकारें भी चलती रही हैं लेकिन जो सब से दुखद प्रकरण है कि बावजूद योजना आयोग के, बावजूद योजना के चलने के, देश में गरीबी बढ़ती गई, बेकारी बढ़ती गई और जो आर्थिक असमानता थी वह देश में निरन्तर बढ़ती गई। आज आप प्रिवी पर्स को खत्म करना चाहते हैं, ठीक है, राजाओं को खत्म करना

चाहते हैं, ठीक है लेकिन जो फ्युडलिज्म के, सामन्तवाद क, सामन्तशाही के प्रतीक थे वह राजा महाराजा तो एक तरह से खत्म हो चुके हैं, उनके साथ अब कुछ नहीं रहा है, किन्तु आज पूंजीवाद की देश में जो वृद्धि हो रही है, देश में जो बड़े-बड़े लोग, उद्योग-पति बढ़ रहे हैं, जिनकी पूंजी बढ़ रही है, चार सौ फीसदी से अधिक जिनकी पूंजी बढ़ी है इन नये पूंजीपतियों को समाप्त करना और उनकी बढ़ती हुई ताकत को घटाना हम समझते हैं कि आज की सरकार की क्षमता के परे है। इसका कारण, मान्यवर, यह है कि चुनाव को जो प्रक्रिया इस देश में अपनाई गई और जो चीजें इस निर्वाचन में सामने आई वह अत्यंत खेदजनक हैं।

आज रिप्रेजेंटेशन आफ पीपुल्स एक्ट में इलेक्शन कमिशन को उम्मीदवारों को तो अपने खर्चे का विवरण देना पड़ता हैं और, मान्यवर, मै पहले ही कह चुका हूं कि इस देश के उम्मीदवार सम्भवतः अधिकांशतः शतप्रतिशत गलत नहीं तो ऐसे इलेक्शन रिटर्न भरते हैं जो कि वास्तविक व्यय से कम के होते हैं लेकिन उसमें कुछ छूट मिल जाती है क्योंकि जो पोलिटिकल पार्टीज़ खर्च करती है उसका कोई हिसाब नही होता। इस चुनाव में सत्तारूढ़ दल ने और दूसरे दलों ने जिस प्रकार से रुपया खर्च किया उस खर्चे का इलेक्शन कमिशन के पास पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट में कोई रिटर्न भरा नहीं जाता और इनको पूरी छूट है कि पोलि-टिकल पार्टी अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिये जितना भी रुपया चाहें व्यय करें। मैं समझता हूं कि इस देश के जनतंत्र के लिये यह सब से खतरनाक चीज़ है। मान्यवर, जो सत्तारूढ़ दल है उसने अपने को कामयाब बनाने के लिये सरकारी साधनों का किस प्रकार से उपयोग किया अथवा दुरुपयोग किया वह सारा देश जानता है और सत्तारूढ़ दल ने कितने साधनों को चुनाव में लगाया यह स्वयं वह लोग जानते हैं और सारा देश जानता है। आखिरकार रिप्रेजेंटेशन आफ पीपुल्स एक्ट में उस तरह से तरमीम करनी चाहिये थी। अगर इस देश में गरीब लोगों का राज कायम करना है, आम जनता को और साधारण कार्यकर्ता को इसमें मौका देना है इलेक्शन में आने के लिये तो अब समय आ गया है कि रिप्रेजेंटेशन आफ पीपुल्स एक्ट में इस तरह की व्यवस्था की जाये कि पोलिटिकल पार्टीज़ जितना रुपया इलेक्शन में खर्च करें उसका भी रिटर्न दाखिल किया जाये और उसकी तफसील संसद् के सामने और देश के सामने आनी चाहिये।

मान्यवर, यह सही है कि कांग्रेस पार्टी के प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल जी जो थे उन्होंने उस समय फैसला किया कि प्राइम मिनिस्टर्स सरकारी साधनों का अधिकतम उपयोग कर सकते हैं।

ठीक है, और आज के चुनाव में मान्य-वर, उनके कैबिनेट मिनिस्टर्स ने भी तमाम सरकारी साधनों का उपयोग किया और जैसा मणि जी ने कहा, इस चुनाव में आपके पक्ष में अधिक साधन इकट्ठा थे और उन साधनों का उपयोग दूसरी पार्टियों के लिए खुला नहीं था। आल इंडिया रेडियो का जिस तरह उपयोग हुआ, वैसे ही टेलीविज़न का हुआ, अखबारों का हुआ, उससे मान्यवर, मैं समझता हूं कि सरकारी पक्ष ने खूब फायदा उठाया। अखबार सत्तारूढ़ दल के पक्ष में ही प्रचार करते रहे क्योंकि जो न्यूज एजेन्सीज़ हैं, तमाम उन सब को सरकार सब्सक्राइब करती है, रुपया देती है, उनको खरीदती है, उन अखबारों को सरकार इतना अधिक प्रचार की सामग्री देती है, उनके ऊपर निर्भर करती है। अपने प्रकासन को चलाने

[श्री श्याम लाल यादव]

के लिए उन सबने मिलकर किस प्रकार से आपका समर्थन किया है, यह मैं समझता हूँ, इलेक्शन कमीशन की बड़ी असफलता है, वह यह कि उन्होंने शुरू में प्रयास किया कि तमाम पार्टियों को सुविधा मिले, लेकिन सत्तारूढ़ दल ही इसमें सहमत नहीं हुआ, क्यों नहीं हुआ, कारण यह था कि उनके हाथ में सरकार थी, आल इंडिया रेडियो सरकारी सस्था है, इसलिए विरोधी दल के पक्ष में उसका उययोग हो ही नहीं सकता है इलेक्शन कमीशन चाहे या नहीं चाहे, इसलिए मान्यवर अगर इलेक्शन कमीशन को कामयाब बनाना है, राजनैतिक पार्टियों को सुविधा देनी है, तो चुनाव प्रचार के लिए सब पार्टियों को बराबर के अवसर मिलने चाहिए। इसलिए मैं कहता हूं कि राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में जो यह कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष तरीके से हुए, यह यथार्थ से परे है। इलेक्शन कमीशन के, रूप में भी सुधार होना आवश्यक है। आज वह समय आ गया है, इलेक्शन कमीशन में कम से कम तीन सदस्य होने चाहिये और तीन सदस्य मिलकर ही देश के निर्वाचन कार्य को सम्पन्न करें क्योंकि वहां एक व्यक्ति की निष्पक्षता के बारे में देश के नागरिकों को संदेह हो गया है। और चुनाव के दौरान मान्यवर, जो अशांति हुई—आज ही यहां पर जो जवाब दिया गया उसको देखने से और जो हमें अनुभव में आया है उसके अनुसार यह जो सत्तारूढ़ दल के स्टान्गहोल्ड हैं, वहां पर चुनाव संचालन में अशांति हुई है—उसके अनुसार तामिलनाडु में 370 केसेज हुए, महाराष्ट्र में 45—उस प्रदेश की जनसख्या को देखे, लोकसभा की सीटों को देखे, उस की टेरीटरी को देखें, उस हिसाब से देखे—तो तामिलनाडु मे 370 केरल में 358 और वेस्ट बंगाल में तो 1,027, जहां पर कि सीधे आपकी हकूमत थी। तो मैं यह कहना चाहूंगा, चुनाव के पूर्व शांतिपूर्वक विरोधी पार्टियों को आपने चुनाव सभाओं का संचालन करने का अवसर नहीं दिया और इस तरह से अशांति पैदा की गई। इससे हम समझते हैं देश में, खासकर बिहार में, जैसा मान्यवर, कांग्रेस प्रेसीडेंट जगजीवनराम जी ने भी एक बयान दिया कि 50 पोलिंग बूथ पर उनके वोट नहीं पड़ने देते थे, वह रीपोलिंग होनी चाहिए। तो बूथ कन्ट्रोल की बात कही जाती है। जिसके पास साधन थे उन लोगों ने दुरुपयोग किया। इस प्रकार की प्रक्रिया नहीं थी कि शांतिपूर्ण चुनाव हो पाएं और चुनाव सभाओं के द्वारा विरोधी दल अपना प्रचार कर सकें। इसलिए हम समझते हैं कि चुनाव की सभाओं में और चुनाव के समय जो इस तरह का प्रतिरोध करते हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए और शांतिपूर्वक चुनाव प्रक्रिया चलनी चाहिए।

मान्यवर, हम तो समझते थे कि चुनावों के बाद देश में शांतिपूर्वक प्रजातंत्र को चलने दिया जाएगा लेकिन अब चुनावों के बाद एक दूसरी प्रक्रिया सत्तारूढ़ दल ने शुरू की, कि जो दूसरे दलों के लोग हैं उनमें तोड़-फोड़ करें, उनको प्रलोभन देकर अपने दल में मिलाएं और एक-एक आदमी को तोड़-फोड़कर अपने पास लाने की कार्यवाही हो रही है जिससे वहां के शासन को चलने नहीं दिया जाए। मान्यवर यह कोई नैतिकता नहीं रह गई है ··· (*Interruption*) ··· न मैं समझता हूं यह कोई प्रजातंत्र की बात है कि दूसरे दल के लोगों को बरगलाकर, फुसलाकर, प्रलोभन देकर, डिफेक्शन कराएं। और इस प्रकार से देश की कई सरकारों को मान्यवर गिराया जा रहा है। हम चाहते हैं ··· (*Interrup-*

tions) . . . हम चाहते है हमारी बातों को याजी साहब शांति से सुनें, समझें । मान्यवर चूंकि याज जरा पुराने व्यक्ति हैं इसलिए हम उनक आदर करते हैं । याजी जी को विशेषकर मैं कहता हूं कि इस विषय में मैंगनेनिमा होना चाहिए, गम्भीरता के साथ इस ो सोचना चाहिए । खाली नशा किसी के दिमाग में न चढ़ जाए, यह मैं अर्ज करना चाहता हूं क्योंकि हमारा पड़ोसी स लोन का देश है जहां श्रीमती भंडारनायके को बड़ी भारी विजय पिछले चुनावों मे मिली थी, लेकिन आज वहां पर क्या हालात हो रही है ? इमरजेन्सी डिक्लेयर करनी पड़ी, वहीं की जनता उनकी विद्रोही, सशस्त्र विद्रोही बदकर खड़ी हो गई है, मशस्त्र क्रांति करने को तैयार है । हमारे देश में आपका शासन पहले से था लेकिन सन् 1967 में देश में हवा पलटी और देश में कांग्रेस की और विरोधी दलों की सरकारें बनी । और आज आपने ऐसी हवा चलाई, अपने साधनों की भरपूर प्रयोग किया, और ठीक है, आपको कामयाबी हुई, हम उसको कबूल करते हैं ।

लेकिन मान्यवर, आप इस देश का शासन प्रजातंत्रीय तरीकों पर चलाने की कोशिश करें क्योंकि सत्ता हमेशा के लिए आपके हाथों में नहीं रह सकती है । इस देशकी जनता इतनी कमजोर नहीं है कि वह आपके भुलावे में आ जाय और आपके नारों में बही चली जाय । इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप इन तमाम बातों के ऊपर सब्र के साथ विचार करें और जो वादे किये हैं, उन्हें पूरा करने की कोशिश करें ।

आप कहते हैं कि हमें डैमोक्रेसी को चलाना है, तो मै यह निवेदन करना चाहता हूं कि डिफेक्शन के बारे में सब पार्टियों की राय से जो मसविदा तैयार कर लिया गया था उसको आप कानून के रूप में क्यों नहीं लाना चाहते हैं । आपके पास साधन हैं इसलिए आपने प्रदेशों के एम० एल० एज० को तोड़-तोड़ कर अपनी तरफ कर लिया है । कम से कम अब तो आप डिफेक्शन के संबंध में कानून लागू करिये । आज आप इसकी जरूरत नहीं समझते हैं । अगर आप इसकी जरूरत समझते, तो राष्ट्रपति जी अपने अभिभाषण में इसका जिक्र करते । उन्होंने भी इस चीज की जरूरत महसूस नहीं की । (*Interruption*) उनकी बीच में कहने की आदत बन गई है और इस तरह से वे विघ्न पैदा करते रहते हैं । आपके पास मेजारिटी है और हम लोग अल्प संख्या में हैं और हमारी बात को सुनने का आपका फर्ज होना चाहिये तथा सब्र होना चाहिये चाहे हमारी बात गैर मुनासिब हो या सही हो । आपको हमारी बात का जवाब समय पर देना चाहिये और जो आपका जवाब होगा उसको हम सहर्ष सुनेंगे । मै कह रहा था कि अगर हमें प्रजातंत्र को मजबूत बनाना है, तो हमें डिफेक्शन के संबंध में जल्द से कानून लाना चाहिये, लेकिन राष्ट्रपति जी ने जानबूझ कर इस बात का जिक्र अपने अभिभाषण में नही किया है क्योंकि देश में कई प्रदेशों की सरकारों को गिराना था और इसके लिए डिफेक्शन का सहारा लेना था ।

आप संविधान को बदलने की बात कहते है, सो ठीक है । आप समझते है कि कमिटेड ज्यूडिशरी होनी चाहिये, ऐसी ज्यूडिशरी होनी चाहिये जो कानून संसद पास करे वह उसके लफज को न देखे, उसकी व्याख्या न करे बल्कि जो कानून बनता है उसको सही मान ले । ठीक है आप इस तरह से संविधान में परिवर्तन कर सकते है। लेकिन मैं यह निवेदन

[श्री श्याम लाल यादव]

करना चाहता हूं कि जिस दिन हिन्दुस्तान में इस तरह से संविधान में परिवर्तन करने की कोशिश की जायेगी, ज्यूडिशरी को स्वंतत्र नहीं रहने दिया जायेगा, कमिटेड ज्यूडिशरी की स्थापना की कोशिश की जायेगी, उस दिन इस देश में जनतंत्र नहीं रह सकेगा और ज्म्हूरियत का जनाजा उठ जायेगा।

इसके साथ ही साथ मैं भ्रष्टाचार के संबंध में भी अर्ज करना चाहता हूं। आज प्रसाशन में बहुत भ्रष्टाचार फैला हुआ है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस देश में इतना भ्रष्टाचार फैल गया है कि यह चीज यहां के वायू और हवा में इतनी फैल गई है कि इसकी चर्चा राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में करने की जरूरत नहीं समझी। शायद राष्ट्रपति जी भी इसको चर्चा करना गुनाह समझते है। भ्रष्टाचार के संबध में सरकार ने खुली छूट दे दी है, और वह इसकी और कोई तवज्जो देने की जरूरत नहीं समझती है।

आज हमारे देश के विकास की जो प्रगति हो रही है और पिछले दो सालों में इस सरकार ने उद्योग, परिवहन की जो अवनती की है, जो कमी इन चीजों मे आई है, जो गिरावट आई है, उसको सरकार स्वंय तसलीम करती है। मान्यवर जिन उद्योगों से सरकार को टैक्स मिलता था उन उद्योगों का वह राष्ट्रीयकरण करती है। उन उद्योगों, उन कम्पनियों को सरकार अपने हाथ में ले रही है जो बराबर घाटे में चलते आ रहे हैं और इस तरह से टैक्स लगाकर सरकार जनता के ऊपर इन कंपनियों का भार भी डाल रही है।

मैं श्री याजी की इस बात से सहमत हूँ कि पब्लिक सैक्टर में जिन आई० ए० एस० और आई० सी० एस० आफिसरों को लगाया गया है उन्हे नही लगाया जाना चाहिये क्योंकि उन्हें जनता से कोई मुहब्बत नहीं होती है। वे लोग तो अपनी नौकरियों को देखते हैं और इस तरह की कोशिश करते है जिससे काम बढ़ता ही चला जाये ताकि उनकी नौकरी आगे बढ़ती चली जाये। इस तरह की इन आफिसरो की भावना होती है और में समझता हूं कि किसी भी उद्योग में सफलता मिलना सम्भव नही है जब तक इस तरह के आफिसर रहेंगे क्योंकि अभी तक का तो अनुभव यही बतलाता है। अगर इस चीज पर रोक नही लगाई गई, तो आने वाले जमाने में भी सरकार को इन उद्योगों से घाटा ही होगा।

रेलवे में मान्यवर, कर्मचारी बढ़ते ही चले जा रहे हैं, यह बात ठीक है। लेकिन रेलवे में जो कर्मचारी हैं उनकी सुविधाओं और उनके नियंत्रण के संबंध में भी विशेष ख्याल रखना होगा। मै समझता हूं कि कांग्रेस को जो मासिव विक्ट्री मिली है उससे कुछ मंत्रियो के ऊपर भी असर पड़ा है। श्री हनुमन्तैया ने कहा कि जो रेलवे को एम० पीज० पत्र लिखते हैं वह ठीक नही है और इस तरह से वे बुरा मान गये। इससे पहले वे एडमिनिस्ट्रेशन रिफार्म कमिशन के चेयरमैन रह चुके है और इसके भी पहले वे मैसूर के मुख्य मंत्री रह चुके है। मैं समझता था कि वे प्रगति की बात करेंगे लेकिन उनका दिमाग भी उल्टा बहने लगा है। रेलवे विभाग के पास एम० पीज० ने जो तीन हजार पत्र लिखे हैं, जिन्हें नन्दा जी के जमाने में लिखा गया उससे वे नाराज हो गये। मैं समझता हूं कि जब रेलवे कर्मचारियों के साथ रेलवे बोर्ड वाले दक्यिानूसी वर्ताव करते

है तब वे लोग जनता के प्रतिनिधियों के सामने आते है और अपनी कठिनाइयों को दूर करने के लिए वे एम० पीज० से कहते है। श्री नन्दा जी की इस मामले में प्रशंसा करना चाहता हूँ कि उन्होंने इस मामले में संसद के सदस्यों का विशेष ख्याल रखा और उनकी बातों के ऊपर तवज्जो दी।

6 P.M.

मुगलसराय में एक लाख रुपए की प्रतिदिन चोरी होती थी लेकिन नन्दा जी का आपरेशन मुगलसराय चलने के बाद ——मैं वहाँ का रहने वाला हूं, वहां के लोगों से ताल्लुक है—चोरी में काफी कमी हुई, उसका असर हुआ, उसका श्रेय उनको मिलना चाहिए। जब से हनुमन्तैया जी आए हैं रेलवे कर्मचारियों की समझ में आ गया है कि एक अफसर आ गया है जो हमारी बातों को सुनता रहेगा, जनता के प्रतिनिधियों की बातें नहीं सुनेगा। सूचना आ रही है कि धीरे-धीरे चोरियां फिर वहां होने लगी हैं। हनुमन्तैया जी इस विभाग को संभालेंगे, तो शायद रेलवे का प्रशासन और खराब हो जायेगा।

आखिर में मैं एक-दो बातें और निवेदन करना चाहता हूं। समाजवाद बहुत सुन्दर शब्द है, अगर समाजवाद आएगा और उससे गरीबों के घरों में रोशनी होगी, तो हमें बुरा लगेगा। जो पिछड़े हुए लोग हैं; बैकवर्ड क्लासेज है उनको भी तरजीह दी जानी चाहिए, इस शासन का जो रुपया बंट रहा है नौकरियों के माध्यम से, अरबों, खरबों रुपया उसमें बैकवर्ड क्लासेज को भी स्थान मिलना चाहिए। आज देश की आजादी के बाद, प्लानिंग की योजनाएं चलने के बाद बैकवर्ड क्लासेज नौकरियों से हटते जा रहे है, ऊंची नौकरियों में नगण्य होते जा रहे है। इसलिए हम इस बात की जोरदार मांग करते हैं कि बैकवर्ड क्लासेज को सर्विसेज में रिजर्वेशन मिलना चाहिए।

सुरक्षा नीति के सम्बन्ध में हम इतना ही निवेदन करना चाहते है कि डिफेंस जातियों के नाम पर रेजिमेंटस खत्म करने की बात चल रही है। कई जातियों के नाम पर रेजीमेंट्स हैं। उन जातियों ने जिन्होंने देश की रक्षा में, काश्मीर की लड़ाई में त्याग का उत्तम आदर्श प्रस्तुत किया है, जिन्हें मार्शल रेसेज भी कहते हैं, उनके नाम पर अगर रेजिमेंट बनाने की मांग होती है, तो सुरक्षा मंत्री उसे मंजूर नहीं करते। हम समझते हैं कि यह उनकी सदाशयता के विपरीत है। इन जातियों के लोग देश के लिए त्याग कर रहे हैं। हम समझते हैं कि अगर मिलिट्री में आप जातियों के नाम पर रेजिमेट्स खत्म कर रहे हैं, तो खत्म होनी चाहिए लेकिन अगर रखते हैं, तो उन जातियों के नाम पर भी होनी चाहिये, जैसे अहीर रेजिमेंट, यादव रेजिमेंट, जिन्होंने देश के लिए सबसे अधिक नाम कमाया है।

विदेशी नीति के सम्बन्ध में इतना ही कहना चाहता हूं कि जो भी नीति हो वह हमारे देश के हितों को ध्यान में रखते हुए हो। आज ईस्ट बंगाल का सवाल है, पूर्वी पाकिस्तान का हमने संसद में एक प्रस्ताव पास किया, उसके साथ हम है लेकिन हम यह समझते हैं कि ईस्ट बंगाल के मामले में शायद भारत सरकार हिचक रही है, हिम्मत के साथ काम करने की उसमें कमी है। इसी कारण उन्होंने ऐसा प्रस्ताव संसद से पास किया और जो याजी जी की भावना है, जो याजी जी चाहते हैं। उसमें एग्री करने को वे आगे नहीं बढ़ रहे है।

एक माननीय सदस्य : याजी जी चले गए।

श्री श्याम लाल यादव : यह दूसरे की बात क्यों सुनें, अपनी बात सुना गए। इसी

[श्री श्याम लाल यादव]

प्रकार प्रश्न उठता है कि पाकिस्तान के अन्दर यह झगड़ा हो रहा है, उसकी टेरीटरी है, उसके अन्दर यह अपनी सावरेनटी, अपने रिप्रेजेंटेशन के लिए लड़ाई हो रही है, एक तरह से यह इन्टर्नल मामला भी है। दूसरी तरफ यह वैसा भी मामला है जैसा हमारा काश्मीर का मामला था हम जानते हैं कि काश्मीर में पाकिस्तान ने क्या किया। मैं इस सम्बन्ध में निवेदन करना चाहूंगा कि 1965 में संसद् ने एक प्रस्ताव पास किया था और चव्हाण साहब आए थे महाराष्ट्र से बम्बई से उन्होंने एलान किया था कि जब तक उस धरती को वापस नहीं ले लूंगा बम्बई वापस नहीं जाऊंगा. उसके बाद हजार दफा वापस गए, वह भी भूल गए, सुरक्षा मंत्री थे अब वित्त मंत्री हैं, संसद भी भूल गई, सरकार भूल गई, सारा देश भूल गया। वह प्रस्ताव पास किया था कि भूमि को वापस लेने का लेकिन वह प्रस्ताव क्रियान्वित नहीं किया गया। इसी तरह से यह प्रस्ताव हुआ। यह अन्दरूनी मामला पाकिस्तान का हो सकता है, दूसरी तरफ काश्मीर का उदाहरण भी है। आज इस सरकार में अगर हिम्मत हो, अगर वह इस देश के नागरिकों के मत का आदर करना चाहती है तो उसे हिम्मत के साथ ऐसा निर्णय लेना चाहिए जिससे देश का कल्याण हो सके और उसके हितों की सुरक्षा हो सके।

ALLOTMENT OF TIME FOR GOVERNMENT LEGISLATIVE AND OTHER BUSINESS

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): I have to inform Members that the Business Advisory Committee at its meeting held on the 1st April 1971, allotted time as follows for Government legislative and other business to be taken up during the current session of the Rajya Sabha:

Consideration of the motion regarding conduct of Shri Rajnarain and others on the solemn occasion of the President's Address to both Houses of Parliament.	1 hour 30 minutes (to be taken up on 7th April '71).
Consideration of a motion for reference of the Advocates (Amendment) Bill, 1971, to a Joint Committee of both Houses.	1 hour.
Discussion of the Resolution seeking approval of the Notification (G.S.R. No. 152), dated the 29th January 1971, declaring the service in the Food Corporation of India to be an essential service.	1 hour 30 minutes.
Consideration of the motion regarding annulment of the Conduct of Elections (Second Amendment) Rules, 1971.	2 hours.

The House stands adjourned till 11 00 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at three minutes past six of the clock till eleven of the clock on Friday, the 2nd April, 1971.